**दिनांक–16.10.2024 के अपराह्न 03:00 बजे श्री नवीन कुमार, भा०प्र०से०, उप विकास आयुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति, गया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजनान्तर्गत दिनांक–30.09.2024 तक ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के आधार पर योग्य आवेदनों के चयन हेतु जिला चयन समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार।

सर्वप्रथम सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण–सह–सदस्य नियोजक, जिला चयन समिति, गया द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया एवं बैठक की विचारणीय बिन्दुओं से सभी सदस्यों को अवगत कराते हुए बैठक प्रारंभ किया गया :–

- सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण–सह–सदस्य नियोजक, जिला चयन समिति, गया द्वारा सभी सदस्यों को बताया गया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार पटना के तत्वाधान में बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजनान्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न 24 ट्रेडों में गैर आवासीय निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु गया जिला को कुल 1150 आवेदन आमंत्रित करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य निर्धारित के आलोक में दिनांक–30.09.2024 तक गया जिला को ऑनलाईन के माध्यम निम्न प्रकार से आवेदन प्राप्त हुआ है :–

| क्र० | Trades का नाम | प्राप्त आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | ASSISTANCE ELECTRICIAN | 27 |
| 2 | GENERAL DUTY ASSISTANT ADVANCED | 34 |
| 3 | PLUMBER GENERAL | 6 |
| 4 | TWO WHEELER SERVICE ASSISTANT | 5 |
| 5 | SOLAR PUMP TECHNICIAN | 4 |
| 6 | TWO WHEELER SERVICE TECHNICIAN | 4 |
| 7 | GENERAL DUTY ASSISTANT | 0 |
| | **TOTAL** | **80** |

- उपरोक्त विवरणी के अनुसार बिहार स्टेट माइनोरिटीज फाइनेन्सियल कारपोरेशन लि०, पटना (MMSSY) का पत्रांक–2857 दिनांक–26.09.2024 के आलोक में न्यूनतम Quorum संख्या 20 जबकि अधिकतम संख्या 40 है। न्यूनतमक कोरम से कम रहने पर आवेदक को प्रतिक्षारत (Waiting) में रखने का प्रावधान किया गया है।

- उक्त मार्गदर्शिका के आलोक में दो Trades (1) ASSISTANCE ELECTRICIAN (2) GENERAL DUTY ASSISTANT ADVANCED में आवेदकों के न्यूनतम कोरम पुरा किया गया एवं चयन हेतु दिनांक–16.10.2024 को अप० 03:00 बजे उप विकास आयुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति, गया के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया है।

- बैठक में उप विकास आयुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति, गया के द्वारा निम्नलिखित निदेश दिया गया :–
  (i) न्यूनतम कोरम पूरा करने वाले आवेदकों के मेधा सूची तैयार करना।
  (ii) संबंधित चयनित ऐजेंसियों को प्रशिक्षण केन्द्र से संबंधित पूर्ण सूचना उपलब्ध कराना।

उक्त निदेश को पूरा करने के उपरांत अगले बैठक दिनांक–26.10.2024 को निर्धारित की गई जिसमें सूची का अनुमोदन किया जायेगा।

**अंत में सधन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

Rakesh Kumar
Venture Skilled India Pvt. Ltd,
के प्रतिनिधि–सह–सदस्य,
जिला चयन समिति, गया।

Shatarupa Mondal 16/10/24
Pipal Tree Venture Pvt. Ltd.
के प्रतिनिधि–सह–सदस्य,
जिला चयन समिति, गया।

16/10/24
प्रबंध निदेशक,
बी.एस.एम.एफ.सी. पटना द्वारा
प्राधिकृत–सह–सदस्य जिला चयन समिति, गया।

16/10/24
जिला उद्योग केन्द्र के प्रतिनिधि,
–सह–सदस्य, जिला चयन समिति, गया।

16/10/24
सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण
–सह–सदस्य–नियोजक, जिला चयन समिति, गया।

उप विकास आयुक्त–सह–
अध्यक्ष, जिला चयन समिति, गया।

ज्ञापांक– 401 दिनांक– 17/10 / 2024

प्रतिलिपिः– सभी सदस्य, जिला चयन समिति, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– प्रबंधक निदेशक, बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

16/10/24
सहायक निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, गया।

उप विकास आयुक्त–सह–
अध्यक्ष, जिला चयन समिति,
गया।